# 'हिल की बात : युवा संवाद' कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री, जो भी क्षेत्र चुने उसे श्रेष्ठ बनाएं

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में ह्यहिल की बात : युवा संवादह्न कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं से संवाद किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड की लोक परंपरा और संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। स्कूली बच्चों ने भाषण और कविता का प्रस्तुतीकरण भी दिया। इस अवसर पर बच्चों ने मुख्यमंत्री से संवाद भी किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिल की बात : युवा संवाद कार्यक्रम में आये सभी विद्यार्थियों और युवाओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का देवभूमि उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उनका देवभूमि उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता है।
प्रधानमंत्री मोदी के 09 साल के कार्यकाल में उन्होंने उत्तराखंड के लिए लाखों करोड़ रुपये के कार्यों की स्वीकृतियां प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि 2025 तक उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। 2025 तक देवभूमि उत्तराखंड को ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है।
मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि भर्ती परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। जो भी भर्ती परीक्षाओं में धांधली करते हुए पाये गये उन पर सख्त कार्रवाई की गई। 90 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया। उन्होंने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में जिस भी क्षेत्र को चुने, उसमें पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। उनसे स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी पर संवाद किया। विकासनगर की वंशिका ने पूछा कि अभिभावकों को कैसे समझाएं कि जो हम करियर में करना चाहते हैं, वे उसमें अपनी सहमति दे दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी कार्य करें, कुछ बनने के लिए नहीं बल्कि जीवन में कोई सराहनीय कार्य करने के लिए करें। भूमिका रावत ने पूछा कि देहरादून भारत की स्कूल राजधानी है। देहरादून में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं।
मुख्यमंत्री ने बताया कि उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तराखंड के युवाओं को राज्य में रोजगार एवं स्वरोजगार के पर्याप्त अवसर मिलें। इस दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है। ऋषिका भट्ट ने पूछा कि पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों के लिए समय कैसे निकालें।उन्होंने कहा कि आजकल तो बच्चों का टाइम टेबल अभिभावक बना देते हैं। बच्चों को इस बात का ध्यान देना होगा कि जिस समय जो कार्य कर रहे हैं, उस समय पूरा ध्यान उस कार्य पर होना चाहिए। रिया ने पूछा कि युवाओं के लिए आपका क्या विजन है।

## सोनी इंडिया ने एफई 50मिमी. एफ1.4 जीएम लेंस के साथ फुल-फ्रेम लेंस लाइन-अप लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
सोनी ने एफई 50एमएम एफ1.4 जीएम लेंस (मॉडल एसईएल50एफ14 जीएम) को अपने प्रशंसित जी मास्टर फुल-फ्रेम लेंस लाइनअप के नवीनतम जोड़ के रूप में घोषित किया है। यह ई-माउंट लेंस उल्लेखनीय कॉम्पैक्ट और हल्के डिजाइन में पैक किए गए प्रीमियम 50 मिमी प्राइम लेंस के साथ सोनी की पेशकश का विस्तार करता है। एफ 1.4 पर भी, एफई 50एमएम एफ1.4 जीएम प्रथम श्रेणी की छवि गुणवत्ता प्रदान करता है, जिसमें उच्च-रिजॉल्यूशन और स्वाभाविक रूप से प्रस्तुत बोकेह शामिल है, जिसे सोनी की शीर्ष-स्तरीय जी मास्टर श्रृंखला के लिए जाना जाता है। जब नवीनतम सोनी कैमरों के साथ जोड़ा जाता है, तो यह चित्रांकन, परिदृश्य, यात्रा और शादी सहित स्टिल और वीडियो दोनों में व्यापक विविधता के

> 8 डिजाइन और निर्माण दोनों चरणों में गोलाकार विपथन नियंत्रण सुंदर बोकेह में योगदान देता है

उपयोग के लिए एक आदर्श विकल्प है। सोनी इंडिया के डिजिटल इमेजिंग हेड मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि सोनी में, हम अपने उत्पादों को आज के कंटेंट क्रिएटर्स की जरूरतों के लिए विकसित कर रहे हैं और ई-माउंट लेंस लाइन-अप के नवीनतम जोड़, एफई 50एमएम एफ1.4 जीएम लेंस के साथ नवीनतम नवाचार की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं।
यह प्राइम लेंस फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी दोनों के उपयोग के लिए एक बढ़िया विकल्प है और 50 मिमी पर असाधारण छवि गुणवत्ता प्रदान करता है, जो कि सबसे लोकप्रिय फोकल लंबाई में से एक है। बहुमुखी लेंस सोनी की नवीनतम जी मास्टर तकनीक को इस तरह के कॉम्पैक्ट फॉर्म फैक्टर में पैक करता है। सोनी की टॉप-ऑफ-द-लाइन जी मास्टर श्रृंखला के लिए अद्वितीय उन्नत ऑप्टिकल डिजाइन और तत्व एफई 50मिमी. एफ1.4 जीएम में उत्कृष्ट छवि गुणवत्ता लाते हैं।
डिजाइन और निर्माण दोनों चरणों में गोलाकार विपथन नियंत्रण सुंदर बोकेह में योगदान देता है। लेंस 11-ब्लेड सर्कुलर एपर्चर के साथ स्वाभाविक रूप से बोकेह प्रदान करता है और अधिकतम एपर्चर रेंज में तेज यथार्थवाद की पेशकश की जाती है। एफ1.4 पर गहरा, क्रीमी बोकेह विभिन्न प्रकार के शूटिंग परिदृश्यों के लिए आदर्श है, जिसमें पोर्ट्रेट विषयों को उनके परिवेश से अलग करना शामिल है।

## सुजोक थेरेपी के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड भ्रमण पर आए भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राजभवन स्थित मृत्युंजय पंचकर्म केन्द्र का भ्रमण कर पंचकर्म चिकित्सा पद्धति से सम्बंधित जानकारी ली।
पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने इस केन्द्र को बनाये जाने के लिए राज्यपाल के प्रयासों की सराहना की। इसके बाद उन्होंने सुजोक थेरेपी के सम्बन्ध में भी स्माइल सुजोक के डा. मिनचुल पार्क और डा. सुभाष चौधरी से जानकारी ली और कहा कि इस थेरेपी को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित किये जाने की जरूरत है।इससे पूर्व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शनिवार को राजभवन स्थित राज प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर सविता कोविंद और गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं।

## जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर टैक्सी यूनियन की गुण्डागर्दी

**देहरादून।** जोलीग्रांट एयरपोर्ट पर टैक्सी यूनियन की गुंडागर्दी थमने का नाम नही ले रही है आये दिन यहां यूनियन के नाम पर टैक्सी चालको का उत्पीड़न होना आम बात है,आश्चर्य की बात तो यह है कि रोजाना टैक्सी चालकों के उत्पीड़न की शिकायत मिलने के बाद भी शासन प्रशासन यूनियन के आगे नतमस्तक बना हुआ है। ऐसा ही एक ताजा मामला प्रकाश में आया है। टैक्सी चालक द्वारा बताया गया कि वह देहरादून से जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर गया हुआ था जहां पर उसे एक ऑनलाइन एप से बुकिंग आई और वह उस बुकिंग को पिकअप करने के लिए गया तो वहां पर पहले से ही मौजूद यूनियन कर्मचारियों द्वारा पहले तो बुकिंग केंसिल कराई फिर टैक्सी चालक से अभ्रद व्यवहार किया।

## बागेश्वर में पहली बार दो दिवसीय किताब महोत्सव शुरू

**बागेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में पहली बार दो दिवसीय किताब कौथिग महोत्सव प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैजनाथ में हो रहा है। किताब कौथिग (महोत्सव) में विभिन्न विषयों पर आधारित 50 प्रकाशकों की किताबें भी पाठकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहीं। कौथिग में वरिष्ठ साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया। किताब कौथिग के शुभारंभ पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के साथ ही प्रसिद्ध कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।
किताब कौथिग में विभिन्न भाषाओं के 50 से अधिक लेखकों की किताबों का प्रदर्शन और बिक्री को रखी गयी हैं।



कुमाऊंनी लेखक मोहन जोशी की ऋगवेद और गरुड़ पुराण के भावानुवाद पुस्तकों का मुख्य अतिथियों ने विमोचन किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किताबों से दोस्ती हो जाए तो जीवन की राह आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि किताबों का यह आयोजन वर्तमान के साथ ही भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला का मुख्य उद्देश्य बच्चों को किताबों के प्रति रुचि पैदा करना है। ऐसे पुस्तक मेलों में बच्चों को स्कूली विषयों से हटकर विभिन्न लेखकों, प्रशासकों की असंख्य पुस्तकों की विविधता मिलती है, जिससे बच्चे रूचि लेकर पढ़ सकते है।
किताब कौथिग में इतिहासकार डा. शेखर पाठक ने कहा कि इससे बच्चों व युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा ऐसे आयोजनों से बच्चों को शिक्षा में रुचि पैदा होगी। शिक्षित और संस्कारित बनेंगे, जिससे एक स्वस्थ्य-शिक्षित समाज का निर्माण होगा।इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पुस्तक मेले का उद्देश्य बच्चों को किताबों के प्रति रुचि पैदा करना है।

## न्यूज फ्लैश

### एलेन ने पीजी मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए सुपरएप्प लॉन्च किया

**देहरादून।** पूरे भारत में मेडिकल कोचिंग में अग्रणी, एलेन ने पीजी मेडिकल छात्रों को एनईईटी-पीजी, आईएनआई-सीईटी और एफएमजीई परीक्षाओं की तैयारी के लिए व्यापक समाधान प्रदान करने हेतु डिजाइन किया गया अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म एलेन नेक्सटी ऐप लॉन्च किया। इस ऐप पर कई अनूठी विशेषताएं और संसाधन उपलब्ध हैं, जो इसे परीक्षा की तैयारी हेतु बाजार में उपलब्ध अन्य प्लेटफार्मों से अलग करते हैं।
एलेन नेक्स्ट वर्टिकल के पूर्णकालिक कार्यकारी, अमन माहेश्वरी ने कहा, ह्यएलेन नेक्स्ट ऐप के साथ हमारा लक्ष्य मेडिकल पीजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी प्रक्रिया को छात्रों के लिए सरल और अधिक सुलभ बनाना है, चाहे उनकी व्यस्तता कितनी भी हो। हमारा उद्देश्य एनईईटी-पीजी, आईएनआई-सीईटी और एफएमजीई परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के लिए पूरा रोडमैप प्रदान करके पीजी मेडिकल छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं कि पीजी मेडिकल छात्र का जीवन चुनौतीपूर्ण होता है। परीक्षा की तैयारी के चुनौतीपूर्ण कार्य का व्यस्त इंटर्नशिप शेड्यूल के साथ संतुलन बिठाना भारी पड़ सकता है। हालांकि, एलेन नेक्स्ट ऐप और इसके व्यापक पाठ्यक्रम पैकेज अल्फा, बीटा और डेल्टा के लॉन्च के साथ, जिस तरह से मेडिकल पीजी के छात्र अपनी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, वह बेहतर बदलाव लाने वाला है। यह ऐप कई संसाधनों की आवश्यकता को समाप्त करता है और विशिष्ट स्टार संकायों से अद्यतित और संक्षिप्त शैक्षणिक सामग्री प्रदान करता है। तीन व्यापक पाठ्यक्रम पैकेज- अल्फा, बीटा और डेल्टा- छात्रों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि उनकी तैयारी के लिए सर्वोत्तम संसाधन उनके लिए उपलब्ध हों। अल्फा कोर्सः यह पैकेज मिश्रित रूप से ऑफलाइन क्लासरूम लर्निंग और रिवीजन उपलब्ध कराता है। इसमें 700+ घंटे के वीडियो, अच्छी रैंक हासिल करने के लिए एक्स्ट्रा एज वीडियो, नेक्स्ट स्टेज-2 के लिए क्लिनिकल स्किल वीडियो, 200+ घंटे के रैपिड रिवीजन वीडियो, पिछले वर्ष के प्रश्नों के साथ 10,000+ क्वेश्चन बैंक, रेस और क्लिनिकल प्रश्न सहित 200+ विषयवार छोटे और बड़े टेस्ट, डिजिटल और मुद्रित नोट्स शामिल हैं।
बीटा कोर्सः यह पैकेज ऑनलाइन सीखने और रिवीजन करने के लिए बनाया गया है। इसमें अल्फा कोर्स के सभी संसाधन शामिल हैं, जैसे 700+ घंटे के वीडियो, क्लिनिकल स्किल वीडियो, एक्स्ट्रा एज वीडियो, 200+ घंटे के रैपिड रिवीजन वीडियो, 10,000$ प्रश्न, और 200+ विषय-वार मामूली और प्रमुख टेस्ट के साथ डिजिटल और प्रिंटेड नोट्स।

## भैरव सेना संगठन की पंचगव्य आचमन शुद्धीकरण अभियान यात्रा पहुंची ऋषिकेश

> 8 समस्त तीर्थ, पंच प्रयाग, सिद्धपीठ-शक्तिपीठ पंचगव्य शुद्धिकरण यात्रा के मुख्य पड़ाव रहे

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भैरव सेना देवभूमि भैरव वाहिनी की 9 अप्रैल से प्रारंभ हुई सात दिवसीय पंचगव्य शुद्धिकरण अभियान यात्रा शनिवार को प्रातः त्रिवेणी घाट में हवन पूणार्हुति के साथ हुई। पूणार्हुति में भैरव सेना, षड्दर्शन साधु समाज अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा समिति तथा गंगा सभा समिति त्रिवेणी घाट ऋषिकेश के कार्यकर्ता भी



उपस्थित थे।
भैरव सेना के केंद्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री ने बताया कि सात दिवसीय पंचगव्य शुद्धिकरण अभियान यात्रा के पड़ाव यमुनोत्री धाम, हनुमान चट्टी, जानकी चट्टी, गंगोत्री धाम, उत्तरकाशी महाकाल विश्वनाथ मंदिर, चौरंगीनाथ, धारी देवी, रुद्रप्रयाग कोटेश्वर महादेव, रुद्रनाथ, गौरीकुंड, त्रिजुगी नारायण, गुप्तकाशी महाकाल, अर्द्धनारीश्वर, शीतकालीन केदारनाथ ऊखीमठ, मग्गूमठ्ठ, तुंगनाथ, अनुसूइया देवी, गोपीनाथ, जोशीमठ शीतकालीन बद्रीनाथ धाम, नृसिंह मंदिर, कर्णप्रयाग, श्रीनगर, देवप्रयाग, ऋषिकेश त्रिवेणी घाट पर पूणाहुति के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान यात्रा मार्ग में पड़ने वाले समस्त तीर्थ, पंच प्रयाग, सिद्धपीठ-शक्तिपीठ पंचगव्य शुद्धिकरण यात्रा के मुख्य पड़ाव रहे। केंद्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री का कहना था कि जब वेटिकन सिटी में गैर-ईसाई, मक्का-मदीना में गैर-इस्लामिक प्रतिबंधित हैं, तो हिन्दुओं के विश्व स्तरीय तीर्थ धामों में गैर हिन्दुओं का प्रवेश भी कम से कम 51 किलोमीटर के क्षेत्र में प्रतिबंधित होना चाहिए। केशव स्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि अवैध धार्मिक घुसपैठ रोकने में पंचगव्य का आचमन अनिवार्य किये जाने का उपाय कारगर होगा। इसकी मांग संगठन विगत कई वर्षों से तीर्थ बचाओ अभियान के अंतर्गत जन चेतना के माध्यम से कर रहा है। साथ ही बताया कि सभी तीर्थ धाम के महंत अध्यक्ष और सदस्यों के प्रधानमंत्री के नाम बने मांग पत्र पर सहमति हस्ताक्षर करवा कर पंचगव्य आचमन सभी तीर्थों में अनिवार्य हो का शासनादेश के लिए मांग की।

## गरिमा चड्ढा बनी तेजस्विनी ग्रुप की रुड़की चैप्टर हेड

**देहरादून।** तेजस्विनी बिजनेस एसोसिएशन एवं चैरिटेबल ट्रस्ट देहरादून चैप्टर का लांच किया गया जिसमें रुड़की की ही रहने वाली महिला उद्यमी गरिमा चड्ढा को चैप्टर हेड नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत देश भक्ति की भावना को आगे रखते हुए राष्ट्रीय गान के साथ की गई। इसके उपरांत मॉडरेटर परवेज गाजी ने तेजस्विनी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि 2017 में तेजस्विनी की शुरूआत हुई और आज तेजस्विनी उस मुकाम पर है कि हम उसके चैप्टर अनाउंस कर रहे हैं।

## दूध की डेयरी की आड़ में हो रही थी गौकशी, तीन गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
दूध की डेरी की आड़ में गौकसी कर रहे तीन गौ तस्करों को गंगनहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मौके से 165 किलो गौ मांस तथा गौकसी के उपकरण बरामद किये हैं।
पुलिस कप्तान के पीआरओ विपिन पाठक ने शनिवार को बताया कि कोतवाली गंगनहर क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास शराफत पुत्र रिफाकत निवासी ग्राम तेलीवाला द्वारा अपने घर में अन्य साथियों के साथ मिलकर दूध की डेयरी की आड़ में गोकशी की सूचना पर त्वरित



कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई। मौके से 165 किलो गौ मांस, गोकशी उपकरण, तीन दुपहिया वाहन बरामद हुए। पुलिस ने तीन आरोपितों को मौके से गिरफ्तार किया। एक आरोपित मौके से फरार होने में कामयाब रहा, जिसकी तलाश जारी है।
गिरफ्तार होने वालों में शराफत पुत्र रिफाकत, आमिर पुत्र मोहम्मद उमर दोनों निवासी ग्राम तेलीवाला कोतवाली गंगनहर, हरिद्वार व नूर मौहम्मद पुत्र मौहम्मद रमजान निवासी ग्राम मसई, थाना पैकुलिया, तहसील हरहैय्या, जनपद बस्ती उत्तर प्रदेश शामिल हैं। चौथा आरोपित रिफाकत पुत्र मोहम्मद इश्तियाक निवासी दिलसाना वाली गली तेलीवाला कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

## ब्रह्मज्ञान प्रदाता पूर्ण सद्गुरू ही चौरासी के चक्र से मुक्ति के दाता होते हैं- कथा व्यास साध्वी अदिति

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।**
पंचम दिवस में व्यास पीठ पर आसीन सद्गुरू श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या भागवताचार्या साध्वी विदुषी सुश्री अदिति भारती जी ने बताया कि संसार के समस्त संबंधों में श्रेष्ठ संबंध गुरू और शिष्य का हुआ करता है। शास्त्रों में पूर्ण गुरू की सर्वश्रेष्ठ महिमा को गाते हुए ही कहा गया- गुरूर ब्रह्मा गुरूर विष्णु गुरूर देवो महेश्वरः, गुरूर साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरूवे नमः।
ब्रह्ज्ञान रूपी परमविद्या के प्रदाता परमगुरू ही महासरस्वती स्वरूप बताए गए हैं। ब्रह्ज्ञान ही सर्वश्रेष्ठ विद्या है जिसे जान लेने के बाद फिर कुछ भी जानना शेष नहीं बचता है।
कार्यक्रम का शुभारम्भ हर दिन की भांति महामाई के गुणगान करते हुए अनेक सुन्दरतम भजनों के गायन से किया गया। मंचासीन संगीतज्ञों ने अनेक कर्णप्रिय भजन गाकर उपस्थित भक्तजनों को झूमने और साथ में गाने पर विवश कर दिया। 1- जय-जय राधा रमण हरि बोल........, 2- चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.........., 3- मेरी मइया का द्वारा, लगे सबको प्यारा, सारे जग तौं न्यारा........ इत्यादि भजनों से खूब समां बांधा गया।
साध्वी विदुषी रूचिका भारती जी ने सार संक्षेप प्रस्तुत करते हुए भजनों की सटीक मिमांसा भी की। आज के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिगणों के रूप में शिरकत करते हुए इन महानुभावों ने दीप प्रज्जवलित कर कथा में योगदान किया। श्री अशोक कुमार लाम्बा जी, प्रधान भवन श्री कालिका माता मंदिर, देहरादून, श्री भारत भूषण शर्मा जी, समिति मंत्री, श्री मिनोचा जी ट्रस्टी, श्री विरेन्द्र चौधरी जी टरनर रोड, श्री बी.डी. सेमवाल जी खुड़बुड़ा, श्री राजेश सेठी जी तिलक रोड, श्री राजेन्द्र गोयल जी, रेसकोर्स और श्री अनिल वर्मा जी सम्पादक देहरादून टाईम्स उपस्थित हुए।
अपने उद्बोधन में कथा व्यास जी ने आगे बताया कि शास्त्रों में दो प्रकार की विद्या का वर्णन आता है। एक परा विद्या और दूसरी अपरा विद्या। माँ सरस्वती इन दोनों ही विद्याओं की प्रदायिनी हैं, परन्तु इस संसरिक विद्या अपरा विद्या को बताते हुए इसे संसार की अविद्या कहा है साथ ही पराविद्या ह्यब्रह्ज्ञानह्न को ही वास्तविक विद्या बताया गया है क्योंकि ब्रह्ज्ञान रूपी यह परा विद्या ही मानव को उसके कर्मबन्धनों से मुक्त कर श्रेष्ठ पथ पर अग्रसर करती है। साध्वी जी ने आज श्रद्धालुओं को माँ के ब्रह्ज्ञान प्रदायिनी माँ सरस्वती के लीला प्रसंग से अवगत कराया। माँ सद्गुरू का रूप धारण कर अपनी संतानों को आवागमन के चक्र से मुक्त करने के लिए उन्हें ब्रह्ज्ञान प्रदान करती हैं।

## आठ संस्थाओं की बनाई भूगर्भीय रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए : यूथ फॉर हिमालय

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से जोशीमठ तहसील परिसर में चल रहे आंदोलन को समर्थन देने आए यूथ फॉर हिमालय समूह के सदस्यों ने कहा कि आने वाले मानसून सत्र में इसका खतरा और भी बढ़ सकता है जिसको लेकर सरकार को अभी से ठोस पहल करनी होगी। गोपेश्वर में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा जोशीमठ भूधंसाव के बाद जो परिस्थितियां पैदा हुई हैं, वह काफी भयभीत करने वाली हैं। इन सदस्यों ने मांग की कि आठ संस्थाओं की ओर से बनायी गई भूगर्भीय रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।
यूथ फॉर हिमालय हिमालयी राज्यों के पर्यावरण प्रेमी युवाओं का समूह है जो हिमालयीय क्षेत्र में पर्यावरणीय संकट के मुद्दों पर कार्य करता है। युवाओं के इस



आठ सदस्यीय दल ने 13 से 14 अप्रैल तक जोशीमठ के आपदाग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया, प्रभावित लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना। साथ ही 13 अप्रैल को जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से चलाए जा रहे धरने के सौवें दिन पर उनके संघर्ष के प्रति अपना समर्थन प्रकट किया।
समूह की सदस्य रितिका ठाकुर (मंडी, हिमाचल प्रदेश), अनमोल (जम्मू), सुमित (पिथोरागढ़, उतराखंड), मोहम्मद ईशाक वन गुज्जर (भूड़ा खत्ता, हल्द्वानी-उत्तराखंड) और अनमोल (जम्मू) आदि ने कहा कि हमने जोशीमठ में सिंहधार, सुनिल, मनोहर बाग, स्वीग आदि का दौरा करते हुए पाया कि अधिकतर प्रभावित गरीब और दलित परिवारों से हैं, जिनके घर बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। सरकार की ओर से प्रभावितों को जो रहात दी गयी है वह पर्याप्त नहीं हैं। इस घटनाक्रम में बच्चों, बुजर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ ही प्रशासन की ओर से मुआवजे की जो प्रक्रिया तय की गयी है वह आम जनता के लिए बहुत जटिल है। बार-बार लोगों को कागज बनवाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इस से न केवल उनकी दिहाड़ी टूट रही है, समय भी बहुत बर्बाद हो रहा है। अभी तक प्रभावितों को जिन होटलों में ठहराया गया है उसकी मियाद भी अप्रैल आखिरी में खत्म हो रही है, लोगों को लग रहा है इसके बाद कहां जाएंगे। सरकार को राष्ट्रीय पुनर्वास नीति 2007 के तहत इनके लिए प्रबंध करना चाहिए। हमारी मांग है कि जोशीमठ के प्रभावितों को साथ लेते हुए एक अधिकार प्राप्त कमेटी का गठन किया जाए जो पुनर्वास, मुआवजा, विस्थापन व मूलभूत जरूरतों की निगरानी रखने का कार्य करे। साथ ही भविष्य में आने वाली आपदाओं पर रोकथाम के लिए उपाय करे।

